भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. *415**

जिसका उत्तर 21.08.2025 को दिया जाना है

**सड़क अवसंरचना में निजी निवेश**

†*415. श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी:

श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सड़क अवसंरचना में निजी निवेश आकर्षित करने के लिए परिसंपत्ति मुद्रीकरण संबंधी कार्यनीति बनाई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उसके अंतर्गत कौन-कौन से साधन और मॉडल अभिनिर्धारित किए गए हैं;

(ख) राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन के अंतर्गत आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार अब तक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा विभिन्न मुद्रीकरण साधनों के माध्यम से कितनी पूंजी जुटाई गई है, मुद्रीकरण के लिए कौन-कौन सी नई परिसंपत्तियाँ पहचानी गई हैं और उनका वर्गीकरण क्या है तथा मुद्रीकृत राष्ट्रीय राजमार्ग परिसंपत्तियों की कुल लंबाई कितनी है;

(ग) वर्तमान वित्त वर्ष के लिए परिसंपत्ति मुद्रीकरण का अनुमानित वित्तीय योगदान कितना है और मुद्रीकरण योग्य परिसंपत्ति का अनुमानित आधार कितना है; और

(घ) इस परिसंपत्ति मुद्रीकरण कार्यनीति के सफल कार्यान्वयन हेतु पारदर्शिता, निवेशकों का विश्वास और बाजार विकास सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**“सड़क अवसंरचना में निजी निवेश” के संबंध में श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी एवं श्री जी. एम. हरीश बालयोगी द्वारा पूछे गए दिनांक 21.08.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *415 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) जी, हां। सरकार ने सड़क क्षेत्र के लिए एक परिसंपत्ति मुद्रीकरण संबंधी कार्य दस्तावेज़ तैयार किया है। सरकार राजमार्ग परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण तीन तरीकों (मोड) अर्थात् - टोल संचालन और हस्तांतरण (टीओटी), अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट), और प्रतिभूतिकरण (एसपीवी के माध्यम से परियोजना आधारित वित्तपोषण) के माध्यम से करती है।

टीओटी मोड के माध्यम से खुले बाजार से बोलियाँ आमंत्रित की जाती हैं। उच्चतम बोली लगाने वाले को रियायत अवधि (15-30 वर्ष) के लिए सड़क खंड आवंटित किए जाते हैं, जो आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना ट्रस्ट (एनएचआईटी) का गठन किया है। एनएचएआई, एनएचआईटी को 15-30 वर्ष की रियायत अवधि के लिए खंड प्रदान करता है ताकि उनके उच्चतम मूल्यांकन प्राप्त किए जा सके। एनएचआईटी द्वारा प्रस्तावित मूल्य की तुलना आरक्षित मूल्य से की जाती है। एनएचआईटी बदले में बॉन्ड के माध्यम से निधि जुटाता है और सेबी प्लेटफॉर्म पर इकाइयों (यूनिट) की बिक्री के माध्यम से सर्वोत्तम मूल्य प्राप्त करता है।

प्रतिभूतिकरण मोड के अंतर्गत, एनएचएआई को बैंकों से दीर्घकालिक वित्त जुटाने और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक विशेष प्रयोजन वाहन के माध्यम से परिसंपत्ति मुद्रीकरण के एक वैकल्पिक तरीके के रूप में टोल प्लाजा से प्रयोक्ता शुल्क प्राप्तियों का प्रतिभूतिकरण करके बांड जारी करने के लिए अधिकृत किया गया है।

(ख) वित्त वर्ष 2024-25 तक परिसंपत्ति मुद्रीकरण के विभिन्न तरीकों से जुटाई गई राशि निम्नानुसार है:

| मोड | राजस्व<br>(करोड़ रुपये में) |
|---|---|
| टीओटी | **48995** |
| इन्विट | **43638** |
| प्रतिभूतिकरण | **50125** |
| कुल | **142758** |

परिसंपत्ति मुद्रीकरण (अर्थात टीओटी, इनविट और प्रतिभूतिकरण मोड) के माध्यम से अर्जित राजस्व का विवरण भी संलग्न है (अनुलग्नक-I)।

टीओटी मोड के माध्यम से अर्जित की गई निधि को भारत की संचित निधि (सीएफआई) में अंतरित किया जाता है, जिसे बजटीय सहायता के तहत पुन: निवेश करने (प्लॉबैक) के माध्यम से प्राप्त किया जाता है।

वित्त वर्ष 2024-25 से, इनविट मोड के माध्यम से अर्जित की गई निधि को भारत की संचित निधि (सीएफआई) में अंतरित किया जाता है, जिसे बजटीय सहायता के तहत पुन: निवेश करने (प्लॉबैक) के माध्यम से प्राप्त किया जाता है।

"दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे" परियोजना एसपीवी के माध्यम से प्रतिभूतिकरण मोड के अधीन है। इस धनराशि का उपयोग दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के परियोजना व्यय के लिए किया जाता है।

(ग) वर्तमान वित्त वर्ष के लिए परिसंपत्ति मुद्रीकरण का वित्तीय योगदान 30,000 करोड़ रुपये है।

सरकार ने वर्तमान वित्त वर्ष और उसके बाद के लिए टीओटी/इन्विट मोड के माध्यम से मुद्रीकृत किए जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों की भी पहचान की है (अनुलग्नक-II के रूप में संलग्न)।

(घ) इस परिसंपत्ति मुद्रीकरण कार्यनीति के सफल कार्यान्वयन हेतु पारदर्शिता, निवेशकों का भरोसा और बाजार विकास सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

1. मुद्रीकरण के लिए सार्वजनिक वित्त पोषित राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं के चयन को, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय/राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से, मामला-दर-मामला आधार पर अंतिम रूप दिया जाता है।

2. वेबसाइट पर व्यापक आर्थिक धारणा और मुद्रीकृत की जाने वाली परिसंपत्तियों की प्रस्तावित सूची प्रकाशित करके पारदर्शिता सुनिश्चित की जाती है।

3. पैनल में शामिल यातायात सर्वेक्षक और पैनलबद्ध तकनीकी परामर्शदाता द्वारा क्रमश: यातायात संबंधी उचित जांच पड़ताल (ट्रैफ़िक ड्यू डिलिजेंस) और तकनीकी संबंधी उचित जांच पड़ताल की जाती है।

4. तकनीकी परामर्शदाता द्वारा सुझाए गए प्रारंभिक पूंजीगत व्यय और यातायात सर्वेक्षक द्वारा सुझाए गए यातायात आंकड़ों पर परियोजना मूल्यांकन एवं तकनीकी जांच समिति (पीएटीएससी) में विचार-विमर्श किया जाता है और फिर अनुमोदन के लिए कार्यकारी समिति को सिफारिश की जाती है।

5. पीएटीएससी की सिफारिश पर तत्पश्चात् कार्यकारी समिति में चर्चा की जाती है और उसे अनुमोदित किया जाता है।

नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा उपरोक्त सभी चरणों की लेखापरीक्षा की जाती है।

**अनुलग्नक-I**

**"सड़क अवसंरचना में निजी निवेश" के संबंध में श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी और श्री जी. एम. हरीश बालयोगी द्वारा दिनांक 21 अगस्त, 2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *415 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लखित अनुबंध**

**परिसंपत्ति मुद्रीकरण से प्राप्त राजस्व**

| क्र.सं. | टीओटी बंडल | परियोजना | चैनेज | लंबाई (किमी) | राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) | राज्य | सौंपी गई लागत (करोड़ रूपये में) | वर्ष में प्राप्त रियायत शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टीओटी बंडल-1 | सिद्धनाथम से गुंडुगोलानु | किमी 950 + 542 से किमी 1022 + 494 तक | 71.950 | एनएच-5 | आंध्र प्रदेश | 9681.50 | वितीय वर्ष 2018-19 |
| 2 | | दीवानचेरुवु से सिद्धान्तम | किमी 901 + 500 से किमी 950 + 542 तक | 49.040 | एनएच-5 | आंध्र प्रदेश | | |
| 3 | | अन्नावरम से दीवानचेरुवु | किमी 830 + 525 से किमी 901 + 500 तक | 70.980 | एनएच-5 | आंध्र प्रदेश | | |
| 4 | | अंकापल्ली से अन्नवरम (तुनि) | किमी 741 + 255 से किमी 830 + 525 तक | 88.530 | एनएच-5 | आंध्र प्रदेश | | |
| 5 | | इच्छापुरम से नरसन्नापेटा | कि.मी. 484 + 000 से कि.मी. 580 + 700 तक | 96.700 | एनएच-5 | आंध्र प्रदेश | | |
| 6 | | पुइंटोला से इच्छापुरम | किमी 419 + 600 से किमी 484 + 000 तक) | 64.400 | एनएच-5 | ओडिशा एवं आंध्र प्रदेश | | |
| 7 | | बामनबोर से गारामोरे | किमी 182 + 600 से किमी 254 + 537 तक | 71.940 | एनएच-8ए | गुजरात | | |
| 8 | | गारामोरे से समाखियाली | किमी 254 + 537 से किमी 306 + 000 तक | 51.460 | एनएच-8ए | गुजरात | | |
| 9 | | पोरबंदर से जेतपुर | किमी 001 + 960 से किमी 117 + 600 तक | 115.640 | एनएच-8बी | गुजरात | | |
| 10 | टीओटी बंडल-3 | झांसी- ललितपुर (पैकेज-1) | कि.मी. 000+000 से कि.मी. 49+700 तक | 49.700 | एनएच-25 और 26 | उत्तर प्रदेश | 5011.00 | वित्त वर्ष 2020-21 |
| 11 | | झांसी- ललितपुर (पैकेज-2) | किमी 49+700 से किमी | 49.305 | एनएच-26 | उत्तर प्रदेश | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 99+005 तक | | | | | |
| 12 | | लखनऊ- रायबरेली | किमी 12+700 से किमी 82+700 तक | 70,000 | एनएच-24बी | उत्तर प्रदेश | | |
| 13 | | कोटवा-मुजफ्फरपुर | कि.मी. 440+000 से कि.मी. 520+000 तक | 80,000 | एनएच-28 | बिहार | | |
| 14 | | रामगढ़ बाइपास सहित हजारीबाग -रांची | किमी 41 + 500 से किमी 115 + 290 तक | 73.790 | एनएच-33 | झारखंड | | |
| 15 | | मदुरै से कन्याकुमारी पैकेज 1 | कि.मी. 000+000 से कि.मी. 52+300 तक | 52.300 | एनएच-7 | तमिलनाडु | | |
| 16 | | मदुरै से कन्याकुमारी पैकेज 2 | किमी 52+300 से किमी 116+500 तक | 64.200 | एनएच-7 | तमिलनाडु | | |
| 17 | | मदुरै से कन्याकुमारी पैकेज 3 | किमी 116+500 से किमी 180+000 तक | 63.500 | एनएच-7 | तमिलनाडु | | |
| 18 | | मदुरै से कन्याकुमारी पैकेज 4 | कि.मी. 180+000 से कि.मी. 243+470 तक | 63.470 | एनएच-7 | तमिलनाडु | | |
| 19 | टीओटी बंडल-5 (ए-1) | पालनपुर-राधनपुर-सांखियाली | किमी 589.600 से किमी 536.000 तक | 53.600 | एनएच-27 | गुजरात | 1011.00 | वित्त वर्ष 2021-22 |
| 20 | टीओटी बंडल-5 (ए-2) | पालनपुर-राधनपुर-सामाखियाली | किमी 536.000 से किमी 430.100 तक | 105.900 | एनएच-27 | गुजरात | 1251.00 | वित्त वर्ष 2022-23 |
| 21 | टीओटी बंडल-7 | पूर्वी परिधीय एक्सप्रेसवे (ईपीई) | किमी 1.000 से किमी 136.000 तक | 135.000 | एनई-2 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) | 6267.10 | वित्त वर्ष 2022-23 |
| 22 | टीओटी बंडल-9 | हंडिया-राजातालाब | किमी 712.900 से किमी 785.544 तक | 72.644 | एनएच-19 | उत्तर प्रदेश | 3144.00 | वित्त वर्ष 2022-23 |
| 23 | टीओटी बंडल-11 (दूसरा कॉल) | इलाहाबाद बाईपास | किमी 628.753 से किमी 713.215 तक | 84.462 | एनएच-2 (नया एनएच-19) | उत्तर प्रदेश | 2156.00 | वित्त वर्ष 2023-24 |
| 24 | टीओटी | ललितपुर सागर लखनादौन | किमी 99.005 से किमी | 316.084 | एनएच-26 | उत्तर प्रदेश और मध्य | 4428.00 | वित्त वर्ष |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बंडल-12 (दूसरा कॉल) | | 415.089 तक | | | प्रदेश | | 2023-24 |
| 25 | टीओटी बंडल-13 | कोटा बाईपास और केबल स्टे ब्रिज | किमी 373.545 से किमी 375.080 और किमी 0.000 से किमी 26.285 ( किमी 1052.429 से किमी 1080.249 तक चैनेज) | 27.820 | एनएच-76 | राजस्थान | 1683.00 | वित्त वर्ष 2023-24 |
| 26 | | ग्वालियर-झांसी | किमी 16.00-किमी 56.328 और किमी 54.000-किमी 96.127 | 82.455 | एनएच-75 (नया एनएच-44) | मध्य प्रदेश | | वित्त वर्ष 2023-24 |
| 27 | टीओटी बंडल-14 | दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे | निजामुद्द इन ब्रिज पर किमी 0.000 से शुरू होकर एनएच-334 (पुराना एनएच-58) के किमी 51.975 पर समाप्त, ग्रीन फील्ड अलाइनमेंट सहित | 59.777 | एनएच-334 (पुराना एनएच-58) | उत्तर प्रदेश और दिल्ली | 7701.10 | वित्त वर्ष 2023-24 |
| 28 | | दिल्ली- हापुड़ खंड (दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे का भाग) | डिज़ाइन किमी 0.000 से किमी 50.934 (मौजूदा किमी 0.000 से किमी 50.000) | 50.934 | एनएच-9 (पुराना एनएच-24) | उत्तर प्रदेश और दिल्ली | | |
| 29 | | बिंजाबहाल-तेलीबानी | डिज़ाइन चैनेज (मौजूदा किमी 414.000 से किमी 491.710 तक) | 78.318 | एनएच-6 (नया एनएच-49) | ओडिशा | | वित्त वर्ष 2023-24 |
| 30 | टीओटी बंडल-16 | एमएच/टीएस सीमा से आर्मूर और एडलूर तक येल्लारेड्डी से बोवेनपल्ली (हैदराबाद नागपुर खंड) | किमी 175+000 से किमी 313+507 किमी 373+762 से किमी 486+838 | 251.583 | एनएच-44 | तेलंगाना | 6661.00 | 2024-25 |
| | | **कुल योग (क)** | | | | | **48994.70** | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इनविट बंडल- 1 | महाराष्ट्र/कर्नाटक सीमा (कागल)-बेलगाम | किमी 515+00 0 से किमी 592+705) | 77.705 | एनएच-48 (पुराना एनएच-4) | कर्नाटक | 7350.40 | 2021-22 |
| 2 | | आबू रोड से स्वरूपगंज | किमी 646+000 से किमी 677+000 | 31,000 | एनएच-27 | गुजरात | | |
| 3 | | चित्तौड़गढ़ से कोटा और चित्तौड़गढ़ बाईपास | किमी 891+929 से किमी 1052+429 | 160.500 | एनएच-27 | राजस्थान | | |
| 4 | | पालनपुर / खेमाणा से आबू रोड | किमी 601+000 से किमी 646+000 | 45,000 | एनएच-27 | गुजरात | | |
| 5 | | कोथाकोटा बाईपास - कुरनूल | किमी 135+469 से किमी 211+000 | 74.622 | एनएच-44 | तेलंगाना | | |
| 6 | इनविट बंडल-2 | शिवपुरी-झांसी | किमी 1305+087 से किमी 1380+387 | 75.300 | एनएच-27 | मध्य प्रदेश | 2849.67 | 2022-23 |
| 7 | | आगरा बाईपास | किमी 0+000 से किमी 32+800 | 32.800 | एनएच-2 और 3 | उत्तर प्रदेश | | |
| 8 | | बोरखेड़ी - वाडबर - देवधारी - केलापुर - महाराष्ट्र/तेलंगाना सीमा | किमी 36+600 से किमी 175+000 | 138.150 | एनएच-44 (पुराना एनएच-7) | महाराष्ट्र | | |
| 9 | इनविट बंडल-3 (संशोधित) | चिचिरा - खड़गपुर | किमी 16.130 से किमी 72.250 | 56.120 | एनएच-49 (पुराना एनएच-6) | पश्चिम बंगाल | 15699.88 | 2023-24 |
| 10 | | ओराई बारा | किमी 1515.713 से किमी 1578.872 तक बाईं ओर तथा किमी 1578.360 से किमी 151.713 तक दाईं ओर | 62.903 | एनएच-25 | उत्तर प्रदेश | | |
| 11 | | रीवा कटनी जबलपुर लखनादौन | एनएच-30 के किमी 880.600 से किमी 891.780 तक तथा किमी 1358.00 से किमी | 306.337 | एनएच-30 और 34)<br><br>एनएच-30 (पुराना एनएच-7) | मध्य प्रदेश | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1428.557 (81.737 किमी), किमी 725.185 से किमी 813.257 (88.072 किमी), किमी 813.157 से किमी 880.600 (67.343 किमी) तथा किमी 656.600 से किमी 725.185 (69.185 किमी) | | | | | |
| 12 | | कचुगांव से राखलडुबी बस जंक्शन और राखलडुबी बस जंक्शन से कलझर | किमी 30.00 से किमी 92.671 (62.671 किमी) और किमी 961.500 से 1013.00 (51.500 किमी) | 114.171 | एनएच-27 (पुराना एनएच-31सी) | असम | | |
| 13 | | कालझर से पटाचारकुची | किमी 1013.00 से किमी 1040.300 तक | 27.300 | एनएच-27 (पुराना एनएच-31) | असम | | |
| 14 | | लखनादौन से महागांव | किमी 546.420 से किमी 653.770 तक | 107.350 | एनएच-44 | मध्य प्रदेश | | |
| 15 | | मोहगांव से खवासा | | | | | | |
| 16 | | हुबली से हावेरी | किमी 189.00 से किमी 403.470 तक | 214.470 | एनएच-48 | कर्नाटक | | |
| 17 | | दावणगेरे से हावेरी | | | | | | |
| 18 | | दावणगेरे से चित्रदुर्ग | | | | | | |
| 19 | इनविट बंडल-4 | गुंडुगोलानु-देवरापल्ली - कोव्वुरु खंड | (किमी 15.320 - 85.204) | 69.884 | एनएच-16 | आंध्र प्रदेश | 17737.94 | 2024-25 |
| 20 | | नरसन्नापेटा - रणस्थलम | (किमी 580.671-किमी 634.470) | 53.799 | एनएच-16 | आंध्र प्रदेश | | |
| 21 | | आनंदपुरम-पेंडुर्ती अंकापल्ली | (किमी 682.980 - किमी 731.585) | 48.605 | एनएच-16 | आंध्र प्रदेश | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | | रणस्थलम से हनुमंतवाका | (किमी 634.00 - किमी 700.544) | 66.544 | एनएच-16 | आंध्र प्रदेश | | |
| 23 | | चित्तौड़-मल्लावरम गडांकी | (किमी 0.00 - किमी 61.128) | 61.128 | एनएच-140 | आंध्र प्रदेश | | |
| 24 | | एपी/टीएन सीमा से नालागमपल्ली, आं. प्र./कर्नाटक सीमा खंड | (किमी134.890 - किमी 219.687) | 84.797 | एनएच-4 | आंध्र प्रदेश | | |
| 25 | | गांधीधाम (कांडला) - मुंद्रा बंदरगाह | (किमी 0.00 - किमी 71.400) | 71.4 | एनएच-41 | गुजरात | | |
| 26 | | मुजफ्फरनगर-हरिद्वार | (किमी 130.560 - किमी 209.120) | 78.56 | पुराना एनएच-58 (नया एनएच-334) | उत्तराखंड | | |
| 27 | | बरेली - सीतापुर | (किमी 262.000 - किमी 419.590) | 157.59 | एनएच-30 (पुराना एनएच-24) | उत्तर प्रदेश | | |
| 28 | | रायपुर से सिमगा | (किमी 0.00 - किमी 48.580) | 48.58 | एनएच-30 (पुराना एनएच-200) | छत्तीसगढ | | |
| 29 | | सिमगा से बिलासपुर | (किमी 48.580 - किमी 126.525) | 77.945 | एनएच-130 (पुराना एनएच-200) | छत्तीसगढ | | |
| | | **कुल इनविट (ख)** | | | | | **43637.89** | |
| 1 | प्रतिभूतिकरण | दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे | | 1337 | | दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, म. प्र., गुजरात, महाराष्ट्र | 10,813 | 2020-21 |
| | | | | | | | 13,901 | 2021-22 |
| | | | | | | | 11,600 | 2022-23 |
| | | | | | | | 9,486 | 2023-24 |
| | | | | | | | 4,325 | 2024-25 (15.03.2025 तक) |
| | | **कुल प्रतिभूतिकरण (ग)** | | | | | **50125.00** | |
| | | **कुल योग (क+ख+ग) - परिसंपत्ति मुद्रीकरण** | | | | | **142757.59** | |

**अनुलग्नक-II**

**“सड़क अवसंरचना में निजी निवेश” के संबंध में श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी और श्री जी. एम. हरीश बालयोगी द्वारा दिनांक 21 अगस्त, 2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *415 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लखित अनुबंध**

पहचानी गई परिसंपत्तियों की सूची (24.02.2025)

| **राज्य** | **खंड** | **प्लाज़ा का नाम** | **वित्त वर्ष 2023-24 के लिए राजस्व/प्रेषण (करोड़ रुपए में)** | **लंबाई (किमी)** | **प्रति किमी राजस्व (करोड़ रुपए प्रति किमी)** |
|---|---|---|---|---|---|
| बिहार | मुजफ्फरपुर-दरभंगा-पूर्णिया (ओएमटी) | मैथी, राजे, आसनपुर और हरिबारा | 335 | 288 | 1.16 |
| बिहार | पूर्णिया-दलखोला (बिहार) | किमी. 416.000 बारसोनी | 41 | 36 | 1.13 |
| छत्तीसगढ | बिलासपुर से पथरापल्ली | लिम्हा | 76 | 53 | 1.43 |
| हरयाणा | गुड़गांव सोहना के मौजूदा किमी 11.682 से किमी 24.40 तक 6 लेन पैकेज-।। | शमोरज सोहना रोड टोल प्लाजा | 104 | 86 | 1.21 |
| गुजरात | पिपली भागनगर के किमी 136.025 से किमी 169.328 तक पैकेज 1 | भड़भीड़ फीस प्लाजा | 48 | 33 | 1.46 |
| झारखंड | एनएच-33 के किमी 217.300 (चौक) से किमी 233.350 (सहारबेड़ा) तक रांची-महुलिया खंड का शेष कार्य (पैकेज- III) | पाटा टोल प्लाजा | 22 | 16 | 1.43 |
| झारखंड | एनएच-33 के किमी 233.350 (सहारबेड़ा) से किमी 277.568 (महुलिया) तक रांची- महुलिया खंड का शेष कार्य (पैकेज-IV) | पुटरु टोल प्लाजा | 45 | 44 | 1.02 |
| झारखंड | गोरहर-बरवा एक जोड़ना | घांघरी | 124 | 79 | 1.58 |
| झारखंड | रांची- रारगांव खंड | एदलहातु | 71 | 77 | 0.92 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कर्नाटक | गब्बूर-देवगिरी | बंकापुर | 74 | 64 | 1.16 |
| केरल | कलमस्सेरी -आईसीटीटी वल्लारपदम (केरल) | पूनारीमंगलम | 24 | 17 | 1.41 |
| महाराष्ट्र | एनएच-6 के किमी 360.00 से किमी 422.700 तक चिखली-तरसोद खंड को 4 लेन का बनाना | बशीराबाद टोल प्लाजा | 73 | 65 | 1.11 |
| महाराष्ट्र | एनएच 211 (नया एनएच 52) के किमी 290.00 - किमी 320.104 तक औरंगाबाद- करोडी | करोडी टोल प्लाजा | 45 | 30 | 1.48 |
| महाराष्ट्र | सांगली-बोरागांव किमी 182.556 - किमी 224.00) तक सांगली-सोलापुर की चार लेन (पैकेज-1) | बोरगांव टोल प्लाजा | 43 | 41 | 1.03 |
| महाराष्ट्र | करोडी-तेलवाडी | हतनूर | 82 | 56 | 1.48 |
| महाराष्ट्र | वर्धा - बुथीबोरा (महाराष्ट्र) | किमी 510.865 हल्दगांव | 58 | 59 | 0.98 |
| ओडिशा | सुनाखला -भुवनेश्वर | गुलिपाडा (गंगापाडा) | 124 | 77 | 1.61 |
| तेलंगाना | हैदराबाद यादगिरी / वारंगल | कोमला | 82 | 65 | 1.26 |
| तेलंगाना | मंचेरियल-रापेलेवाडा | मंडामार्री | 37 | 23 | 1.58 |
| उत्तर प्रदेश | अलीगढ- कानपुर (पैकेज II) [भदावास कल्याणपुर तक] | आसपुर टोल प्लाजा | 51 | 45 | 1.14 |
| उत्तर प्रदेश | [जौनपुर (किमी 209.230) से वाराणसी (किमी 272.590) तक] सुल्तानपुर से वाराणसी तक चार लेन का निर्माण (पैकेज- II) | हौज | 100 | 63 | 1.57 |
| उत्तर प्रदेश | वाराणसी (किमी 12.01) से बिरनोन (किमी 84.160) [वाराणसी-गोरखपुर] (पैकेज-II) | कैथी | 99 | 72 | 1.37 |
| पश्चिम बंगाल | रायगंज के किमी 398.00 से किमी 452.700 दलखोला खंड तक (दलकोला बाईपास को छोड़कर) लिए | बरई | 66 | 54 | 1.22 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | संतुलन कार्य | | | | |
| पश्चिम बंगाल | सालसाबाड़ी -असम/पश्चिम बंगाल सीमा (पश्चिम बंगाल) | गुआबारी | 38 | 27 | 1.45 |
| **कुल योग** | | | **1863** | **1472** | **31.19** |

*****